बिहार सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

संख्या–02 / बिहार वन अभि०(स्था०)–01 / 2025 2395 / प०व०ज०प०,पटना–15 दिनांक– 6/5/26

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना

द्वारा: * वित्त विभाग,
बिहार, पटना

* अनौपचारिक रूप से परामर्शित

विषय :– पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत अभियंत्रण–संभाग का गठन एवं इस संभाग हेतु कुल 63 पदों के सृजन की स्वीकृति।

आदेश :– स्वीकृत।

महाशय,

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के प्रबंधकीय तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं संरक्षण के साथ बड़े निर्माण कार्यों एवं जटिल इंजीनियरिंग परियोजनाओं जैसे ईको–पर्यटन से संबंधित आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, पर्यटक आवासीय भवन / सुविधाओं, उच्च स्तरीय सिविल–संरचनाओं, पक्की सड़क एवं बड़े पुल का निर्माण के दृष्टिकोण से प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बल प्रमुख), बिहार के अधीन अभियंत्रण संभाग का गठन एवं इस संभाग हेतु ₹4,63,64,748 / – (चार करोड़ तिरेसठ लाख चौसठ हजार सात सौ अड़तालीस रूपये) के अनुमानित वार्षिक व्यय पर विभिन्न कोटि के कुल 63 पदों के सृजन की स्वीकृति **अनुलग्नक–1** के अनुरूप कोटिवार पदों की संख्या एवं वेतन स्तर के अन्तर्गत दी जाती है।

2. उपर्युक्त परिपेक्ष्य में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार अन्तर्गत अभियंत्रण संभाग हेतु विभिन्न कोटि के सृजित कुल 63 पदों का विवरणी निम्नवत् है :–

क्र.सं.	पदनाम	पदों की संख्या	वेतनमान
1	2	3	4
1	मुख्य अभियंता	01	13A
2	अधीक्षण अभियंता	01	13
3	कार्यपालक अभियंता	05	11
4	सहायक अभियंता	10	09
5	कनीय अभियंता	20	07
6	उच्च वर्गीय लिपिक	02	04
7	निम्न वर्गीय लिपिक	06	02
8	वाहन चालक	06	02
9	कार्यालय परिचारी	06	01
10	कम्प्यूटर ऑपरेटर	06	(बेल्ट्रॉन द्वारा निर्धारित मानदेय के आधार पर)
	कुल	**63**	

3. विभिन्न कोटि के उक्त पदों के लिए निर्धारित दायित्व, कर्त्तव्य, स्वरूप एवं कार्यालयवार विवरंणी **अनुलग्नक–2** के रूप में संलग्न है।

4. नव सृजित पदों पर होने वाले व्यय का विकलन सुसंगत विषय शीर्षों के अन्तर्गत उपबंधित राशि से किया जाएगा।

5. उपरोक्त संभाग का गठन एवं इस संभाग हेतु कुल 63 पदों के सृजन के प्रस्ताव पर दिनांक–29.04.2026 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक (मद संख्या–57) में स्वीकृति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

(आलोक कुमार)
विशेष सचिव

2395
संख्या–02 / बिहार वन अभि०(स्था०)–01 / 2025 /प०व०ज०प०,पटना–15 दिनांक– 6/5/26

प्रतिलिपि :– ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सी०डी० एवं दो अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आलोक कुमार)
विशेष सचिव

2395
संख्या–02 / बिहार वन अभि०(स्था०)–01 / 2025 /प०व०ज०प०,पटना–15 दिनांक– 6/5/26

प्रतिलिपि :– प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना / माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार के आप्त सचिव / अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना / अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना / संबंधित कोषागार पदाधिकारी / प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार, पटना / प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना / सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार, पटना / सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक / सभी वन संरक्षक / सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आलोक कुमार)
विशेष सचिव

2395
संख्या–02 / बिहार वन अभि०(स्था०)–01 / 2025 /प०व०ज०प०,पटना–15 दिनांक– 6/5/26

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को दिनांक–29.04.2026 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–57 के रूप में सम्मिलित एवं स्वीकृत प्रस्तावं के अनुपालन के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आलोक कुमार)
विशेष सचिव

2395
संख्या–02 / बिहार वन अभि०(स्था०)–01 / 2025 /प०व०ज०प०,पटना–15 दिनांक– 6/5/26

प्रतिलिपि :– अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के वरीय प्रधान आप्त सचिव / मुख्यालय के सभी पदाधिकारी / आई.टी. मैनेजर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/5/26

(आलोक कुमार)
विशेष सचिव

अनुलग्नक–01

अभियंत्रण–संभाग हेतु प्रस्तावित 63 पदों के सृजन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय की विवरणी

क्रमांक	पदनाम	पे एवं पे लेवल	एक माह का वेतन	एक माह का महंगाई भत्ता (55%)	आवास भत्ता (20%)	एक माह का परिवहन भत्ता	एक माह का परिवहन भत्ता पर महंगाई भत्ता (55%)	एक माह का चिकित्सा भत्ता	एक माह का वेतन अन्य भत्ता का योग (4 to 9)	नव सृजित पदों की संख्या	अनुमानित मसिक व्यय (10 × 11)	कुल वार्षिक व्यय (12 × 12 माह)
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	मुख्य अभियंता	(131100-216600) Level-13A	131100	72105	26220	4000	2200	1000	236625	1	236625	2839500
2	अधीक्षण अभियंता	(118500-214100) Level-13	118500	65175	23700	4000	2200	1000	214575	01	214575	2574900
3	कार्यपालक अभियंता	(67700-208700) Level-11	67700	37235	13540	4000	2200	1000	125675	05	628375	7540500
4	सहायक अभियंता	(53100-167800) Level-9	53100	29205	10620	3000	1650	1000	98575	10	985750	11829000
5	कनीय अभियंता	(44900-142400) Level-7	44900	24695	8980	3000	1650	1000	84225	20	884500	10614000
6	उच्च वर्गीय लिपिक	(25500-81100) Level-4	25500	14025	5100	1500	825	1000	47950	02	95900	1150800
7	निम्न वर्गीय लिपिक	(19900-63200) Level-2	19900	10945	3980	1500	825	1000	38150	06	228900	2746800
8	वाहन चालक	(19900-63200) Level-2	19900	10945	3980	1500	825	1000	38150	06	228900	2746800
9	कार्यालय परिचारी	(18000-56900) Level-1	18000	9900	3600	1500	825	1000	34825	06	208950	2507400
10	कम्प्यूटर ऑपरेटर	--	25209	--	--	--	--	--	25209	06	151254	1815048
	कुल		523809	274230	99720	24000	13200	9000	943959	63	3863729	46364748
	(कुल चार करोड़ तिरसठ लाख चौंसठ हजार सात सौ अड़तालीस रूपये मात्र)											

(आलोक कुमार)
विशेष सचिव

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत अभियंत्रण–संभाग के गठन का औचित्य एवं सृजित विभिन्न पदों के लिए निर्धारित दायित्व, कर्त्तव्य, स्वरूप एवं कार्यालयवार विवरणी।

1. पृष्ठभूमि और औचित्य

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार का प्रमुख दायित्व प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, वन प्रबंधन एवं पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखना है। वर्तमान में विभाग का कार्यक्षेत्र केवल पारंपरिक वन–प्रबंधन और संरक्षण तक सीमित नहीं रहा है, बल्कि समय के साथ इसमें ईको पर्यटन परियोजनाओं, बड़े भवन के निर्माण कार्यों, पक्की सड़कें एवं अन्य विशिष्ट संरचनात्मक परियोजनाओं का भी समावेश हो गया है। इन परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु उच्च स्तरीय विशेषज्ञ इंजीनियरिंग कौशल एवं तकनीकी दक्षता की आवश्यकता है।

वर्तमान प्रबंधन ढांचे में वन संबंधी तकनीकी कार्यों का निष्पादन विभागीय कार्मिकों द्वारा किया जा रहा है, जो अपनी परंपरागत विशेषज्ञता में सक्षम हैं। किन्तु, बड़े निर्माण कार्यों एवं जटिल इंजीनियरिंग परियोजनाओं (जैसे ईको–पर्यटन से संबंधित आधारभूत संरचनाओं का निर्माण, पर्यटक आवासीय भवन/सुविधाएँ, उच्च स्तरीय सिविल संरचनाएँ, पक्की सड़क एवं बड़े पुल निर्माण) के लिए प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार के अधीन अभियंत्रण संभाग के गठन की आवश्यकता है।

औचित्य

1. विभाग के अंतर्गत विशिष्ट तकनीकी अभियंत्रण परियोजनाएँ बढ़ रही हैं, जिन्हें समयबद्ध रूप से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से संपन्न करने के लिए अभियंत्रण – विशेषज्ञता आवश्यक है।
2. अभियंत्रण–संभाग के गठन से इस प्रकार के कार्यों के सम्पादन/कार्यान्वयन में पारदर्शिता, दक्षता और तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित होगी ।
3. अभियंत्रण–संभाग के गठन से विभाग की बाहरी एजेंसियों पर निर्भरता कम होगी तथा संसाधनों का बेहतर उपयोग हो सकेगा ।
4. इस संभाग के माध्यम से राज्य में ईको–पर्यटन जैसी परियोजनाओं को गति मिलेगी, जो स्थानीय रोजगार–सृजन एवं आर्थिक–विकास के साथ–साथ पर्यावरणीय जागरूकता को भी बढ़ाएंगी।

अतः विभाग के समग्र विकास एवं बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप, एक अभियंत्रण संभाग की स्थापना वर्तमान समय की आवश्यकता है, जो विभाग को तकनीकी रूप से सशक्त बनाते हुए भविष्य की चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सहायक सिद्ध होगी ।

2. उद्देश्य

प्रस्तावित अभियंत्रण–संभाग का उद्देश्य निम्नवत् होगा :–

1. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग अंतर्गत विशिष्ट अभियंत्रण परियोजनाओं के निर्माण, डिजाइन, क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण में तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करना।
2. संरचनाओं के निर्माण के लिए पर्यावरण–अनुकूल और जलवायु अनुकूल डिजाइन सुनिश्चित करना।
3. पर्यटन, लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास और जल संसाधन विभागों एवं अन्य विभागों के साथ अंतर–विभागीय समन्वय स्थापित करना।
4. परियोजना कार्यान्वयन के लिए पर्यवेक्षण, अनुरक्षण और तकनीकी गुणवत्ता–तंत्र विकसित करना।

5. विभिन्न परिदृश्यों में अनुकूल मानक डिजाइनों, अनुमानों और सर्वोत्तम प्रथाओं का एक संग्रह विकसित करना।

3. **अभियंत्रण – संभाग की प्रस्तावित संरचना**

3.1. राज्य मुख्यालय स्तर (प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय) :–

अभियंत्रण संभाग के प्रमुख के रूप में प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय में एक मुख्य अभियंता होंगे। उनके अधीन तकनीकी सहयोग प्रदान करने हेतु अधीक्षण अभियंता एवं कार्यपालक अभियंता के एक–एक पद, सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता के दो–दो पद होंगे, जो अभियंत्रण योजनाओं के सूत्रण, निविदा, क्रियान्वयन, अनुश्रवण आदि में प्रधान मुख्य वन संरक्षक को आवश्यक सहयोग करेंगे।

3.2. क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, वन संरक्षक एवं वन प्रमंडलीय कार्यालय

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक कार्यालय स्तर पर एक कार्यपालक अभिंयता होंगे। वन संरक्षक कार्यालय स्तर पर एक सहायक अभियंता होंगे। सारांश तालिका के अनुरूप चिन्हित वन प्रमंडल कार्यालयों में एक–एक कनीय अभियंता होंगे, जो अभियान्त्रिक–योजनाओं के सूत्रण, क्रियान्वयन, निरीक्षण, मापी आदि में क्रमशः संबंधित वन प्रमंडल पदाधिकारी एवं वनों के क्षेत्र पदाधिकारी को तकनीकी सहयोग प्रदान करेंगे।

4. **अभियंत्रण – संभाग के कार्य**

1. विशिष्ट अभियंत्रण तकनीकी परियोजना निर्माण और प्रारंम्भिक परियोजना रिपोर्ट (पी०पी०आर०) तैयार करना।
   * विशिष्ट अभियंत्रण तकनीकी योजनाओं की व्यवहार्यता–रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डी०पी०आर०) तैयार करना।
   * ऐसी योजनाओं पर सक्षम–स्तर से तकनीकी स्वीकृति दिया जाना।

2. **कार्यान्वयन, अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण**
   * विभागों के समन्वय से अनुमोदित परियोजनाओं का क्रियान्वयन करना।
   * तकनीकी विनिर्देशों, लागत मानदंडों और समय–सीमा का पालन सुनिश्चित करना।
   * बड़े भवनों, बड़ी संरचनाओं इत्यादि का परियोजना निर्माण/प्राक्कलन निर्माण करना।
   * नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण–संवेदनशील दृष्टिकोणों को शामिल करते डिजाइनों का मानकीकरण करना।
   * परियोजनाओं के कार्यान्वयन में पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं तकनीकी गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करना।

3. ईको–पर्यटन योजनाओं के सूत्रण, कार्यान्वयन तथा आवश्यक तकनीकी सहयोग के साथ–साथ सूचीबद्ध आर्किटेक्ट्स/कंसल्टेन्ट्स को ईको–पर्यटन विकास की योजनाओं में मार्ग–दर्शन देना तथा पर्यवेक्षण करना।

5. **क्षमता–निर्माण**
   * बुनियादी अभियांत्रिक कार्यों एवं पर्यवेक्षण में अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना।
   * तकनीकी उन्नयन के लिए शैक्षणिक/अनुसंधान संस्थानों के साथ सहयोग करना।

6. पदों की आवश्यकता :–

प्रस्तावित पदों के सृजन के फलस्वरूप अभियंत्रण संभाग का स्वरूप

कार्यालय	पद	संख्या	पे लेवल
प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार	मुख्य अभियंता	1	13A
	अधीक्षण अभियंता	1	13
	कार्यपालक अभियंता	1	11
	सहायक अभियंता	2	09
	कनीय अभियंता	02	07
सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक तथा निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, बिहार	कार्यपालक अभियंता	4	11
वन संरक्षक, पटना / गया / भागलपुर / पूर्णियाँ / मुजफ्फरपुर / सीवान / वन्य प्राणी / बेतिया अंचल	सहायक अभियंता	8	09
वन प्रमंडल पदाधिकारी, गया / नालंदा / पटना पार्क / पटना / नवादा / बांका / जमुई / पूर्णियाँ / सहरसा / मोतिहारी / सारण / तिरहुत / मिथिला / संजय गाँधी जैविक उद्यान / कैमूर / रोहतास / मुंगेर / बेतिया वन प्रमंडल	कनीय अभियंता	18	07
अभियंता संभाग की सहायता के लिए मानव बल	उच्च वर्गीय लिपिक	2	04
	निम्न वर्गीय लिपिक	6	02
	वाहन चालक	6	02
	कार्यालय परिचारी	6	01
	कम्प्यूटर ऑपरेटर	6	25209*

*** बेल्ट्रॉन द्वारा निर्धारित मानदेय**

कार्यालय–वार विस्तृत विवरणी

कार्यालय	पद	संख्या	मुख्यालय	कार्य क्षेत्र
मुख्यालय	मुख्य अभियंता	1	प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार	ये प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF) के नियंत्रण में रहेंगे। कार्य क्षेत्र–सम्पूर्ण बिहार।
	अधीक्षण अभियंता	1		
	कार्यपालक अभियंता	1		
	सहायक अभियंता	2		
	कनीय अभियंता	2		
	कुल	7		

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक	कार्यपालक अभियंता	1	क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, पटना	पटना परिक्षेत्र अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल / उद्यान
		1	क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, मुजफ्फरपुर	मुजफ्फरपुर परिक्षेत्र अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
		1	क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, भागलपुर	भागलपुर परिक्षेत्र अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
		1	निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण, बिहार	निदेशक, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल / उद्यान
	कुल	**4**		

वन संरक्षक	सहायक अभियंता	1	वन संरक्षक, पटना	पटना अंचल अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल / उद्यान
		1	वन संरक्षक, गयाजी	गयाजी अंचल अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
		1	वन संरक्षक, भागलपुर	भागलपुर अंचल अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
		1	वन संरक्षक, पूर्णियाँ	पूर्णियाँ अंचल अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
		1	वन संरक्षक, मुजफ्फरपुर	मुजफ्फरपुर अंचल अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
		1	वन संरक्षक, सीवान	सीवान अंचल अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
		1	वन्यप्राणी, पटना	वन्यप्राणी अंचल, पटना अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
		1	वन संरक्षक, बेतिया	बेतिया अंचल अन्तर्गत सभी वन प्रमंडल
	कुल	**8**		

पटना परिक्षेत्र			
गयाजी वन प्रमंडल	कनीय अभियंता	1	गयाजी वन प्रमंडल
नालंदा वन प्रमंडल		1	नालंदा वन प्रमंडल एवं राजगीर जू–सफारी।
पटना पार्क प्रमंडल, पटना		1	पटना पार्क प्रमंडल, पटना
पटना वन प्रमंडल		1	पटना एवं भोजपुर वन प्रमंडल
नवादा वन प्रमंडल		1	नवादा एवं औरंगाबाद वन प्रमंडल
भागलपुर परिक्षेत्र			
बाँका वन प्रमंडल	कनीय अभियंता	1	बाँका एवं भागलपुर वन प्रमंडल
जमुई वन प्रमंडल		1	जमुई वन प्रमंडल
पूर्णियाँ वन प्रमंडल		1	पूर्णियाँ एवं अररिया वन प्रमंडल
सहरसा वन प्रमंडल		1	सहरसा एवं सुपौल वन प्रमंडल
मुजफ्फरपुर परिक्षेत्र			
मोतिहारी वन प्रमंडल	कनीय अभियंता	1	मोतिहारी एवं गोपालगंज वन प्रमंडल
सारण वन प्रमंडल		1	सारण एवं वैशाली वन प्रमंडल
तिरहुत वन प्रमंडल		1	तिरहुत, सीतामढी एवं समस्तीपुर वन प्रमंडल
मिथिला वन प्रमंडल		1	मिथिला एवं बेगूसराय वन प्रमंडल

वन्यप्राणी परिक्षेत्र			
संजय गाँधी जैविक उद्यान	कनीय अभियंता	1	संजय गाँधी जैविक उद्यान
कैमूर वन प्रमंडल		1	कैमूर वन प्रमंडल
रोहतास वन प्रमंडल		1	रोहतास वन प्रमंडल
मुंगेर वन प्रमंडल		1	मुंगेर वन प्रमंडल
बेतिया वन प्रमंडल		1	वाल्मीकि व्याघ्र आरक्ष–I, II एवं बेतिया वन प्रमंडल
	कुलः–	18	

मुख्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर के कार्यालय हेतु मानव बल

	पदनाम	उच्च वर्गीय लिपिक	निम्न वर्गीय लिपिक	वाहन चालक	कम्प्यूटर ऑपरेटर	कार्यालय परिचारी
मुख्यालय	मुख्य अभियंता	1	1	1	1	1
	अधीक्षण अभियंता	1	1	1	1	1
क्षेत्रीय कार्यालय	कार्यपालक अभियंता	–	4	4	4	4
	कुल–	2	6	6	6	6

(आलोक कुमार)
विशेष सचिव